नईदुनिया

नकली फेस क्रीम देकर धोखाधड़ी करने वाला व्यवसायी गिरफ्तार

बिलासपुर। किराना दुकान संचालक को नकली फेस क्रीम देकर धोखाधड़ी करने वाले व्यवसायी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से बलेनो कार, सात हजार रुपये और नकली फेस क्रीम जब्त किया गया है। रतनपुर थाना प्रभारी व आइपीएस अजय कुमार ने बताया कि ग्राम कर्रा में रहने वाले संदीप तिवारी ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 17 अप्रैल को वे अपनी दुकान पर थे। इसी दौरान एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया। उसने अपना दुकान व्यापार विहार में होने की बात कही।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/bilaspur-businessman-arrested-for-cheating-people-by-selling-fake-face-cream-8308286